(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

# सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

**प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३**

दूरभाषः (0755) 2761225, फैक्स-(0755) 2760491, ई-मेलः ***vidyabhartibpl@gmail.com,***

पंजीयन क्र.-17195 ***www.vidyabhartimp.org***

पत्र क्रमांक :403/2022 दिनांक- 05/08/2022

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य महोदय,
समस्त सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर,
मध्यभारत प्रांत

विषयः- **33 वाँ खेलकूद समारोह 2022-23।**

बन्धुवर

सादर नमस्कार।

विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा इस वर्ष 33 वॉ राष्ट्रीय खेलकूद समारोह का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में अपने क्षेत्र एवं प्रांत के खेलकूद समारोह की योजना की गयी है। पूर्व में अपनें विभाग समन्वयक जी के माध्यम से **सत्र 2022-23** की खेलकूद एवं शारीरिक योग - निर्देशिका के नाम से एक पुस्तिका आपको प्रदान की जयेगी। उसमें खेलकूद के सम्बन्ध में नियमों तथा अन्य सूचनाओं का उल्लेख है उसको अपने खेल आचार्य एवं अन्य आचार्यो को अवश्य पढ़वायें, जिससे आयोजन में भैया/बहिनों को सम्मिलित होने में सुविधा होगी।

## प्रतियोगिता संबंधी अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएँ :-

1. <u>प्रतियोगिता शुल्कः-</u> शुल्क के भुगतान का सम्पूर्ण विवरण (किस स्थान के लिये क्या देय है) खेलकूद निर्देशिका में दिया गया है, इससे आवश्यक रुप से अवगत हो जाय। जिससें किसी प्रकार की असुविधा का सामना विद्यालय को न करना पड़े।

2. जिन खेलों में सीधे प्रान्त में सहभागिता है उनकी सूची एवं शुल्क समारोह की तिथि के 10 दिन पूर्व समारोह स्थल पर भेजें।

3. <u>परिचय पत्र-</u> क्षेत्र स्तर पर परिचय पत्र की तीन प्रति लाना है। परिचय पत्र प्रांतीय खेलकूद निर्देशिका के अंतिम पूर्व पृष्ठ पर अंकित प्रारुप में अंग्रेजी के केपिटल अक्षर (हिन्दी में नहीं भरना) में ही भरकर लाना है। अन्य किसी भी प्रारुप का परिचय पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं प्रतिभागी को खेल से वंचित होना पड़ेगा। परिचय पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज यथा

    1. इलीजीविलीटी फार्म की 3 प्रति।
    2. पिछली कक्षा की अंकसूची की 3 प्रति।
    3. जन्म प्रमाण पत्र (नगरपालिका अथवा पंचायत द्वारा प्रदत्त) की 3 प्रति।
    4. चिकित्सा प्रमाण पत्र (सक्षम मेडीकल ऑफिसर द्वारा दिया गया) की 3 प्रति।
    5. अभिभावक अनुमति पत्र की 3 प्रति।
    6. खिलाड़ी छात्र/छात्राओं के आधारकार्ड की 3 छायाप्रति अनिवार्य रुप से संलग्न करें।

4. <u>सामग्री जो साथ लाना हैः-</u> प्रांत, क्षेत्र एवं अखिल भारतीय स्तर पर सभी प्रतिभागी भैया बहिनों तथा संरक्षक आचार्य को अपने विद्यालय का वेश, अपना खेल वेश, थाली, गिलास, कटोरी, तथा ओढ़ने के लिए ऋतुमान अनुसार कपड़े, टार्च

*निरन्तर...2.*

साथ लाना है। प्रतियोगिता स्थल पर उपरोक्त में से कोई भी सामग्री की व्यवस्था आयोजकों द्वारा नहीं की जायेगी।

5. **भैया/बहिनो के लिए पाठ्यक्रम :-** विद्याभारती की किसी भी स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए विद्याभारती ने भैया बहिनों तथा सरंक्षक आचार्यो के लिए पाठ्यक्रम का निर्धारण किया है -

   1. प्रातः स्मरण, एकात्मता स्त्रोत ।
   2. सरस्वती वंदना।
   3. वार्षिक गीत (हिन्दी एवं संस्कृत) 2022
   4. भोजन मंत्र तथा समता का अभ्यास।

अतः इस पाठ्यक्रम का पूर्ण रुप से अभ्यास करवा कर आवें।

6. **संरक्षक आचार्य का निर्धारण :-** संरक्षक आचार्य का निर्धारण करते समय उनकी वरिष्ठता, क्रियाशीलता एवं भैया बहिनों को नियत्रंण में रखने के गुण का अवश्य ध्यान रखें तथा प्रत्येक स्तर पर भेजते समय भैया-बहिनों की प्राचार्य प्रधानाचार्य के साथ बैठक अवश्य हो जिससे भैया बहिनों एवं आचार्य का व्यवहार प्रभावी होगा ।

7. **कबड्डी के वर्ग अनुसार वजन :-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बाल वर्ग भैया | - | 51 कि.ग्राम, | बहिन | - 48 कि.ग्राम |
| किशोर वर्ग भैया | - | 55 कि.ग्राम, | बहिन | - 55 कि.ग्राम |
| तरुण वर्ग भैया | - | 70 कि. ग्राम, | बहिन | - 65 कि.ग्राम |

8. **आयु की गणनाः-** 31.12.2022 को आधार मानकर की जावेगी।

   **वर्ग विभाजन :-**

   (क) शिशु वर्ग :- 11 वर्ष एवं कक्षा 5वीं तक - 01 जनवरी 2012 से पूर्व नहीं।
   (ख) बाल वर्ग :- 14 वर्ष एवं कक्षा 8वीं तक - 01 जनवरी 2009 से पूर्व नहीं।
   (ग) किशोर वर्गः- 17 वर्ष एवं कक्षा 10वीं तक - 01 जनवरी 2006 से पूर्व नहीं।
   (घ) तरुण वर्ग :- 19 वर्ष एवं कक्षा 12वीं तक - 01 जनवरी 2004 से पूर्व नहीं।

9. सीधे अखिल भारतीय जाने वाली टीम को प्रांत / क्षेत्र से पत्र लेकर जाना अनिवार्य है।
10. प्रांत में विजेता भैया-बहिनों को खेल किट प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता स्थल से शुल्क 275/- देकर लेना अनिवार्य है।
11. प्रांत/क्षेत्र/अखिल भारतीय विजेता खिलाड़ी भैया-बहिनों की इन्ट्री प्रतियोगित स्थल से होगी।
12. किसी भी स्तर की प्रतियोगिता के पूर्व भ्रमण की अनुमति नहीं होगी।
13. प्रान्त की शतरंज प्रतियोगिता के प्रतिदल एक घड़ी लेकर आना अनिवार्य है।
14. अखिल भारतीय स्तर पर प्रमाण पत्र के त्रुटि सुधार करवाने हेतु 50 रुपये का शुल्क देय होगा।
15. क्षेत्रीय प्रतियोगिता में प्रतिदिन 200/-रू. शुल्क तथा पंजीयन शुल्क 25/-रू.प्रति प्रतियोगी देय होगा।
16. अखिल भारतीय प्रतियोगिता में प्रतिदिन 250/- शुल्क तथा पंजीयन शुल्क 100/-रू. प्रति प्रतियोगी देय होगा

# प्रांत, क्षेत्र अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इस प्रकार है
## खेल प्रतियोगिता कैलेण्डर 2022–23

| क्र. | खेल विधा | प्रांतीय खेल प्रतियोगिता | | | क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता | | | अ.भा. खेल प्रतियोगिता | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्थान | तिथि | शुल्क | स्थान | तिथि | शुल्क | स्थान | तिथि | शुल्क |
| 1 | जूडो, कुरास | शारदा विहार, भोपाल | 3 सितम्बर सायं से 4 सितम्बर सायं तक | 325 | ऋषिनगर, मालवा, उज्जैन | 9 सितम्बर सायं से 11 सितम्बर सायं | 525 | धनबाद, झारखंड | 8 अक्टूबर सायं से 11 अक्टूबर सायं तक | 1100 |
| 2 | कुश्ती / मलखम | शारदा विहार, भोपाल | 10 सितम्बर सायं से 11 सितम्बर सायं तक | 325 | खाचरोद, मालवा | 16 सितम्बर सायं से 18 सितम्बर सायं | 525 | झांसी पूर्वी उ.प्र. | 28 सितम्बर सायं से 01 अक्टूबर सायं तक | 1100 |
| 3 | बास्केटबॉल | शारदा विहार, भोपाल | 10 सितम्बर सायं से 11 सितम्बर सायं तक | 325 | केदारपुर, ग्वालियर | 16 सितम्बर सायं से 18 सितम्बर सायं | 525 | हरीनगर, उ.क्षे. | 21 सितम्बर सायं से 24 सितम्बर सायं तक | 1100 |
| 4 | कबड्डी | गोविन्दनगर | 9 सितम्बर सायं से 11 सितम्बर सायं तक | 525 | महासमुंद, छ.ग. | 29 सितम्बर सायं से 1 अक्टूबर सायं | 525 | खुरजा, प.उ.प्र. बहिन | 8 अक्टूबर सायं से 11 अक्टूबर सायं तक | 1100 |
| 5 | कबड्डी | | | | | | | रीवा, मध्यक्षेत्र भैया | 15 अक्टूबर सायं से 18 अक्टूबर सायं तक | 1100 |
| 6 | खो–खो | | | | | | | देवास, मध्यक्षेत्र भैया | 1 नवम्बर सायं से 4 नवम्बर सायं तक | 1100 |
| 7 | खो–खो | ब्यावरा राजगढ | 30 सितम्बर सायं से 2 अक्टूबर सायं तक | 525 | बीना, महाकौशल | 9 अक्टूबर सायं से 11 अक्टूबर सायं | 525 | जयपुर, राजस्थान बहिन | 5 नवम्बर सायं से 8 नवम्बर सायं तक | 1100 |
| 8 | एथलेटिक्स | शारदा विहार, भोपाल | 7 अक्टूबर सायं से 9 अक्टूबर सायं तक | 525 | विद्यापीठ, सतना | 28 अक्टूबर सायं से 31 अक्टूबर सायं तक | 725 | कुरूक्षेत्र, उत्तरक्षेत्र | 19 नवम्बर सायं से 23 नवम्बर सायं तक | 1300 |
| 9 | तीरंदाजी / फील्ड आर्चरी | शिवपुरी विद्यापीठ | 4 नवम्बर सायं से 5 नवम्बर सायं तक | 325 | शिवपुरी विद्यापीठ मध्यभारत | 5 नवम्बर सायं से 7 नवम्बर सायं तक | 525 | शिवपुरी, मध्यक्षेत्र | 7 नवम्बर सायं से 9 नवम्बर सायं तक | 850 |
| 10 | फुटबॉल | केदारधाम ग्वालियर | 25 नवम्बर सायं से 27 नवम्बर सायं तक | 525 | केदारपुर, ग्वालियर | 28 नवम्बर सायं से 30 नवम्बर सायं तक | 525 | ग्वालियर, मध्यक्षेत्र | 1 दिसम्बर सायं से 5 दिसम्बर सायं तक | 1350 |
| 11 | रोप स्कीपिंग | शारदा विहार, भोपाल | 7 अक्टूबर सायं से 8 अक्टूबर सायं तक | 325 | शारदा विहार, भोपाल | 8 अक्टूबर सायं से 9 अक्टूबर सायं तक | 325 | बैतूल, मध्यक्षेत्र | 11 नवंबर सायं से 14 नवंबर सायं तक | 1100 |
| 12 | योगासन | शिक्षा नगर मुरैना | 30 सितम्बर सायं से 2 अक्टूबर सायं तक | 525 | डोगरगढ | 1 नवम्बर सायं से 3 नवम्बर 2022 | 525 | सूरत पश्चिम क्षेत्र | 30 नवंबर सायं से 03 दिसंबर सायं तक | 1100 |
| 13 | बैडमिंटन | हरदा | 23 सितम्बर सायं से 25 सितम्बर सायं तक | 525 | विंध्यनगर, जिला सिंगरोली | 6 नवम्बर सायं से 8 नवम्बर सायं तक | 525 | जोधपुर राजस्थान | 28 नवंबर सायं से 1 दिसम्बर सायं तक | 1100 |
| 14 | टेबल टेनिस | हरदा | 23 सितम्बर सायं से 25 सितम्बर सायं तक | 525 | विंध्यनगर, जिला सिंगरोली | 6 नवम्बर सायं से 8 नवम्बर सायं तक | 525 | भागलपुर बिहार | 3 दिसम्बर सायं से 6 दिसम्बर सायं तक | 1100 |
| 15 | हैण्डबाल | भारत भारती | 3 अक्टूबर सायं से 4 अक्टूबर सायं तक | 325 | मंदसौर मालवा | 6 नवम्बर सायं से 8 नवम्बर सायं तक | 525 | बैतूल, मध्यक्षेत्र | 11 नवम्बर सायं से 14 नवम्बर सायं तक | 1100 |
| 16 | व्हालीबॉल | केदारधाम ग्वालियर | 14 अक्टूबर सायं से 16 अक्टूबर सायं तक | 525 | चॉपा छ.ग. | 11 नवंबर सायं से 13 नवंबर सायं तक | 525 | वृंदावन, प.उ.प्र. | 28 नवम्बर सायं से 1 दिसम्बर सायं तक | 1100 |
| 17 | शतरंज | भरतगढ दतिया | 14 अक्टूबर सायं से 16 अक्टूबर सायं तक | 525 | चॉपा छ.ग. | 11 नवंबर सायं से 13 नवंबर सायं तक | 525 | गुवाहाटी, पूर्वोत्तर | 2 दिसम्बर सायं से 4 दिसंबर सायं तक | 850 |
| 18 | बॉक्सिंग | गुना | 12 नवम्बर सायं से 13 नवम्बर सायं तक | 325 | खाचरोद, मालवा | 19 नवंबर सायं से 20 नवंबर सायं तक | 325 | गुना, मध्यक्षेत्र | 25 नवम्बर सायं से 27 नवम्बर सायं तक | 850 |
| 19 | थ्रोबॉल | केदारधाम ग्वालियर | 26 नवम्बर सायं से 27 नवम्बर सायं तक | 325 | प्रशिक्षण केन्द्र देवास | 3 दिसंबर सायं से 4 दिसम्बर सायं तक | 325 | बैंगलूर / मैंगलूर दक्षिण क्षेत्र | 24 दिसम्बर सायं से 27 दिसम्बर सायं तक | 1100 |

किसी भी परिवर्तन की सूचना प्रांत द्वारा पत्र या दूरभाष से दी जावेगी।

वर्तमान तिथियों के अनुसार आप खेलकूद समारोह को सम्पन्न करने में सहयोग प्रदान करेगें। इसी अपेक्षा के साथ।

(शिरोमणि दुबे)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपि -

1. मार्गदर्शक/अध्यक्ष/मंत्री, विद्याभारती मध्यक्षेत्र को सूचनार्थ।
2. श्रीमान अध्यक्ष, संगठन मंत्री, सह संगठन मंत्री मध्यभारत प्रांत को सूचनार्थ।
3. श्रीमान सचिव/संगठनमंत्री, मालवा/महाकौशल/छत्तीसगढ़ प्रांत को सूचनार्थ।
4. सदस्यगण प्रबंध कार्यकारिणी समिति, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान को सूचनार्थ।
5. प्रांत प्रमुख, ग्रामभारती शिक्षा समिति मध्यभारत प्रांत को सूचनार्थ।
6. प्रांत प्रमुख/समस्त विभाग समन्वयक/जिला प्रतिनिधि मध्यभारत सूचनार्थ।

(शिरोमणि दुबे)
प्रादेशिक सचिव